पत्रांक :- 2024/**31**

झारखंड सरकार

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,

नियोजनालय, सिंदरी (धनबाद)

ई-मेल – empsindri@gmail.com

प्रेषक,

नियोजन पदाधिकारी
नियोजनालय, सिंदरी
धनबाद ।

सेवा में,

PRINCIPAL
BINOD BIHARI MAHATO COLLEGE,
BALIAPUR, DHANBAD (JHARKHAND)-828201

सिंदरी, दिनांक – 04/03/2024

विषय – दिनांक -12-03-2024 (मंगलवार) को आपके संस्थान के युवक/युवतियों के रोजगार पोर्टल/ नियोजनालय में निबंधन एवं पूर्व में निबंधित अभ्यर्थियों को स्थानीय प्रमाण पत्र अपलोड करने के लिए शिविर आयोजन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि झारखंड राज्य अंतर्गत युवक/युवतियों को रोजगार के अवसरों से जोड़ने हेतु **रोजगार पोर्टल rojgar.jharkhand.gov.in** कार्यरत है, जहां युवक/युवतियां पोर्टल के माध्यम से स्वयं अथवा नियोजन कार्यालय में उपस्थित होकर अपना निबंधन करा सकते हैं। निबंधन की प्रक्रिया सरल एवं सुलभ होने के उपरांत भी पोर्टल/ नियोजनालय में निबंधित अभ्यर्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम है विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र में यह संख्या और भी कम है।

विदित हो कि झारखंड राज्य अंतर्गत झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022, 12 सितंबर 2022 से संपूर्ण झारखंड राज्य में प्रभावी है। अधिनियम के अंतर्गत निजी क्षेत्र में 75% स्थानीय बहाली का प्रावधान लागू है। स्थानीय उम्मीदवारों को अधिनियम के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु रोजगार पोर्टल/ नियोजनालय में निबंधन होना अनिवार्य है। अधिक से अधिक युवक/ युवतियां रोजगार पोर्टल में निबंधित होकर निजी क्षेत्र में 75% स्थानीय बहाली के प्रावधान से लाभान्वित हो सकें के उद्देश्य से आपसे हुए दूरभाष पर वार्ता के क्रम में **दिनांक- 12-03-2024 (मंगलवार)** को एक दिवसीय कार्यशाला सह निबंधन कैंप नियोजनालय, सिंदरी द्वारा आपके संस्थान में कैंप का आयोजन किया जायेगा।

अतः आपसे आपेक्षित है कि आप आपने संस्थान में विद्यार्थियों की उपस्थिती अच्छी हों एवं आप अपने स्तर से विद्यार्थियों को इस आयोजन से संबन्धित सूचना देना सुनिश्चित करें।

अनु० - यथोक्त।

विश्वासभाजन

04/03/24

(आनन्द कुमार)
नियोजन पदाधिकारी (झा०नि०से०)
नियोजनलाय, सिंदरी (धनबाद)

आवश्यक सूचना

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आपके संस्थान में नियोजनालय द्वारा आयोजित कैंप के दिन नियोजनालय में निबंधन हेतु निम्नलिखित कागजात की आवश्यकता होगी।

- निबंधन हेतु सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, **स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत (Issue)** किया गया, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, इमेल आई०डी०।

- जो पूर्व से नियोजनालय में निबंधित है और निबंधन कार्ड जीवित है तो उन्हें केवल निबंधन कार्ड की छाया प्रति एवं **स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र** लाना आवश्यक है।

(आनन्द कुमार)
नियोजन पदाधिकारी (झा०नि०से०)
नियोजनलाय, सिंदरी (धनबाद)

Registration on : **rojgar.jharkhand.gov.in** portal

☞ 1st **Step** - Search with Google lens/Download QR-code scanner (if you Don't have).

☞ 2nd **Step** - Scan the QR-code

☞ 3rd **Step** - Click on the Open Button.

☞ 4th **Step** - Enter Your Mobile No.

☞ 5th **Step** - OTP verification.

☞ 6th **Step** - Fill up the Application Form.

☞ 7th **Step** - Click on the Submit Button.

☞ 8th **Step** - Download acknowledgment/Note Down your registration number.